**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 फ़रवरी 2026, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वीर सावरकर ने अपना जीवन देश को गुलामी से मुक्त कराने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी का व्यक्तित्व और उपलब्धियां हर पीढ़ी को राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी।
श्री मोदी ने कहा-

गृह मंत्री ने कहा कि वीर सावरकर स्वतंत्रता आंदोलन के उन नायकों में से एक थे जिन्होंने ब्रिटिश शासन से आजादी और सांस्कृतिक स्वतंत्रता दोनों के लिए एक साथ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि श्री सावरकर ने अपने क्रांतिकारी विचारों से स्वतंत्रता आंदोलन की वैचारिक नींव रखी और भारत से लेकर इंग्लैंड तक अपने साहसी अभियानों से युवाओं को प्रेरित किया। श्री शाह ने कहा कि सावरकर ने अपना जीवन अस्पृश्यता उन्मूलन और महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया।
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वीर सावरकर का अदम्य साहस, अद्वितीय बलिदान और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक गौरवशाली अध्याय है।

*************************************************************

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा हिसार हवाई अड्डे पर इंस्ट्रूमेंट फ़्लाइट रूल्स IFR के अंतर्गत विमान संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

हिसार के महाराजा अग्रसेन  हवाई अड्डे के निदेशक ओ पी सैनी ने बताया कि यह उपलब्धि हवाई अड्डे की अवसंरचना एवं परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अब तक हिसार हवाई अड्डे पर विमान संचालन केवल दिन के समय विज़ुअल फ़्लाइट रूल्स VFR के अंतर्गत सीमित था परंतु अब रात के समय और खराब मौसम में भी उड़ानों का संचालन संभव हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि अब विमान लगभग 1200 मीटर की कम दृश्यता में भी सुरक्षित उतर सकेंगे जबकि पहले न्यूनतम आवश्यकता 5000 मीटर थी।हिसार हवाई अड्डा अब इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट और जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से डायवर्ट की गई उड़ानों को संभालने में भी सक्षम होगा। इससे उड़ानों के रूट बदलने और रद्द होने में कमी आएगी तथा हरियाणा की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मज़बूती मिलेगी।

**********************************************************

केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय द्वारा भिवानी के टैक्नीकल इंस्टीटयूट ऑफ टैक्सटायल एंड साइंसेज में 28 फरवरी से 1 मार्च तक 2 दिवसीय ग्लोबल टेक-टैक्टायल कॉनक्लेव का आयोजन किया जाएगा।  केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कपड़ा मिशन के तहत आयोजित करवाए जा रहे इस सम्मेलन का उद्देश्य भवन निर्माण, एयर क्राफ्ट , विंड टरबाइन व् बुलेट ट्रेन के निर्माण में प्रयोग होने वाले समग्र सामग्री से बनने वाले कपड़े के भारत में ही निर्माण तथा निर्यात को प्रोत्साहित करना है।
टैक्नीकल इंस्टीटयूट ऑफ टैक्सटायल एंड साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. बेहरा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जापान, जर्मनी, चैकरिब्लिक, यूक्रेन,

ग्रीस समेत 6 देशों के कपड़ा उद्योग से जुड़े वैज्ञानिक और 50 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि शिखर सम्मेलन का उद्धघाटन केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। कपड़ा मंत्रालय का उद्देश्य सम्मेलन के माध्यम से 10 बिलियन के निर्यात के लक्ष्य को हासिल करना भी है। उन्होंने बताया कि समग्र सामग्री से बनने वाला कपड़ा, एयर क्राफ्ट, पवन चक्की सहित विभिन्न क्षेत्रों में सरिए, लोहे एवं अन्य धातु का सस्ता व हल्का विकल्प साबित होगा, जिससे इस क्षेत्र की लागत कम होगी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि समग्र सामग्री से बनने वाला कपड़ा भविष्य का विकल्प होगा।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायकों द्वारा उठाए गए अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और अन्य आरक्षित वर्गों के बैकलॉग के मुद्दे पर अपने जवाब में कहा कि भाजपा सरकार ने इन वर्गों के खाली पदों को भरने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने तथ्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुद्दा उठाने वाले विपक्षी सदस्य की सरकार में गरीब वर्गों के हजारों पद खाली रहे ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में अनुसूचित जाति का व पिछड़ा श्रेणी का बैकलॉग भरा नहीं गया। दिसम्बर, 2012 में अनुसूचित जाति का बैकलॉग 9 हजार 558 था व पिछड़ा श्रेणी का बैकलॉग 6 हजार 331 था।

श्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि उनकी सरकार में मार्च, 2024 में प्रदेश में विभिन्न विभागों में ग्रुप ए में अनुसूचित जाति का बैकलॉग 145, पिछड़ा श्रेणी -ए का बैकलॉग 180 और पिछड़ा श्रेणी -बी का बैकलॉग शून्य है। ग्रुप बी में अनुसूचित जाति का बैकलॉग 548, पिछड़ा श्रेणी-ए का बैकलॉग 3 और पिछड़ा

श्रेणी -बी का बैकलॉग शून्य है। ग्रुप सी में अनुसूचित जाति बैकलॉग 1 हजार 931, पिछड़ा श्रेणी -ए बैकलॉग 1 हजार 106 और पिछड़ा श्रेणी -बी बैकलॉग शून्य है। ग्रुप डी में अनुसूचित जाति बैकलॉग शून्य, पिछड़ा श्रेणी -ए बैकलॉग शून्य और पिछड़ा श्रेणी-बी बैकलॉग 180 है।

*************************************************************